संख्या- 325 /2024 / 2146 /चार-2024-1881/ 2020

प्रेषक,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय,
लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 11 सितम्बर, 2024

विषय- राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर की अवस्थापना को उन्नत कराये जाने के अन्तर्गत मुख्य संग्रहालय भवन से लगे विस्तारित भवन के प्रथम तल के दो प्रदर्शनी हॉल के उन्नयन हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या-334/उ0प्र0सं0नि0-5(86)/2019-2020 दिनांक 24 जुलाई, 2024 तथा उप निदेशक, राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर के पत्र संख्या-122/ रा0बौ0सं0गो0 (विस्तारित भवन) / 2024-25 दिनांक 09 जुलाई, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा पूर्व में स्वीकृत कार्य (आडियो वीडियो से संबंधित कार्य को छोड़कर) एवं परियोजनान्तर्गत चैत्य इन्टीरियर आर्किटेक्चर एवं लेटेस्ट स्टाइल का मेटावर्स सम्मिलित करते हुए रू0 613.29 लाख का पुनरीक्षित आगणन कार्यदायी संस्था द्वारा उपलब्ध कराया गया है।

2. शासनादेश संख्या- 134/2024/786/चार-2024 दिनांक 14 मार्च, 2024 द्वारा प्रश्नगत परियोजना हेतु रू0 498.98 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति के सापेक्ष रू0 299.99 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

3. राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर की अवस्थापना को उन्नत कराये जाने के अन्तर्गत मुख्य संग्रहालय भवन से लगे विस्तारित भवन के प्रथम तल के दो प्रदर्शनी हॉल के उन्नयन हेतु नामित कार्यदायी संस्था सी0 एंड डी0 एस0, उ0प्र0 जल निगम द्वारा उपलब्ध कराये गये पुनरीक्षित आगणन रू0 613.29 लाख का प्रायोजना, रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा परीक्षण करते हुए परियोजना की मूल्यांकित लागत रू0 582.65 लाख आंकलित की गयी है। उक्त परियोजना हेतु मदवार मूल्यांकित / स्वीकृत लागत का विवरण संलग्न है।

4. उक्त के दृष्टिगत मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर की अवस्थापना को उन्नत कराये जाने के अन्तर्गत मुख्य संग्रहालय भवन से लगे विस्तारित भवन के प्रथम तल के दो प्रदर्शनी हॉल के उन्नयन हेतु रू0 582.65 लाख (रू0 पांच करोड़ बयासी लाख पैंसठ हजार मात्र) (जी0एस0टी0 सहित) की संशोधित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जाती है।

5. सेन्टेज चार्जेज (प्रतिशत प्रभार), निर्माण लागत तथा वित्तीय स्वीकृति से संबंधित वित्तीय प्रबंधन के संबंध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-01/2023/ए-2-60/दस-2023-17 (4)/75 दिनांक 17 मई, 2023 एवं शासनादेश संख्या- 02/2023/ए-2-66/दस-2023-17 (4)/75 दिनांक 19 मई, 2023 में निहित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

6. यह आदेश कंप्यूटर द्वारा उत्पन्न संख्या ई-7-93 /दस-2024-25-दिनांक 09.09.2024 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महाप्रबंधक, सी0 एंड डी0 एस0, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार,जवाहर भवन, लखनऊ/ मुख्य कोषाधिकारी, गोरखपुर।
6- उप निदेशक, राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर।
7- आहरण एवं वितरण अधिकारी-राज्य संग्रहालय, लखनऊ/ आहरण एवं वितरण अधिकारी, राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर।
8- परियोजना प्रबंधक, सी0 एंड डी0 एस0, उ0प्र0 जल निगम, निर्माण इकाई- 42, गोरखपुर।
9- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
रघुनाथ प्रसाद वर्मा
अनु सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या- 325 /2024 / 2146 /चार-2024-1881/ 2020
दिनांक 11 सितम्बर, 2024 का संलग्नक

(Rs. In Lacs)

S.No.	DESCRIPTION	Unit	Qty.	PROPOSED COST	PFAD COST	DEDU-CTION
1	Renovation Work	Job	1	167.27	159.7	-7.57
1(a)	VRF AC System @Rs.44589.63/HP And INPUT HT Wire	HP	55	28.00	27.52	-0.48
2	Electrical Work	Job	1	15.01	14.34	-0.67
3	Virtual Hall and Museum Educational hall(for First Floor)					
a	Conference System	Job	1	76.49	59.89	-16.60
b	GardenTheater	Job	1	21.14	19.65	-1.49
c	Lecture hall	Job	1	37.28	34.23	-3.05
d	Starlight	Job	1	3.24	2.916	-0.32
4	Buddha's Life Documentary Show based on Metaverse	Job	1	95.00	90.25	-4.75
5	VR Glasses (28 No.)	Job	1	39.20	37.24	-1.96
	Total			482.63	445.736	-36.89
6	CONTENGENCIES @ 2%			9.65	8.91	-0.74
	Total			492.28	454.65	-37.63
7	LESS 5.0 %			-24.61	-22.73	1.88
	Total			467.67	431.92	-35.75
8	CENTAGE CHARGES @ 10%			46.77	43.19	-3.58
9	LABOUR CESS @1%			4.68	4.32	-0.36
10	G.S.T. @18%			84.18	77.75	-6.44
11	EXTERNAL ELECTRIC CONNECTION			10.00	10.00	0.00
12	4K Laser Projector			0.00	8.41	8.41
13	20 KVA UPS(01 No.) , 3 KVA UPS(01 No.) & 6 KVA UPS(01 No.) @16233.13/KVA			0.00	4.71	4.71
14	GST @18%			0.00	2.36	2.36
	TOTAL PROJECT COST			613.29	582.65	-30.64

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।